# कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा), रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक / 1336 / भू.अ.लि / 2016 रायगढ़ दिनांक 29/ 09 /2016

प्रति,

सचिव,
छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन
नया रायपुर (छ.ग.)

विषय :– वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत छ.रा.वि.पारे.कं. मर्या. रायगढ़ हेतु ग्राम पुटकापुरी प.ह.नं. 16 खसरा नंबर 133/1 तहसील पुसौर जिला रायगढ़ में प्रस्तावित 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण किये जाने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण–पत्र ।

संदर्भ :– छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित संभाग रायगढ़ का आवेदन पत्र क्रमांक / कायंसि / राय. / कार्य / 708 / रायगढ़ दिनांक 16.08.2016

——00——

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें । जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित संभाग रायगढ़ द्वारा ग्राम पुटकापुरी प.ह.नं. 16 खसरा क्रमांक 133/1 तहसील पुसौर जिला रायगढ़ में प्रस्तावित 132/33 के.व्ही उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 1.80 हेक्टेयर भूमि, जो अभिलेख में छोटे बड़े झाड़ जंगल मद में दर्ज है। उक्त भूमि को गैरवानिकीय प्रयोजन हेतु वन संरक्षण 1980 के तहत अनापत्ति प्रमाण–पत्र चाही गई है। आवेदित भूमि के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ से प्राप्त प्रतिवेदन से सहमत होते हुये निम्नांकित भूमि खसरा नंबर एवं रकबा को आवेदक कंपनी को अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिये जाने की अनुशंसा की गई है जो निम्नानुसार है :–

अनुविभाग रायगढ़

| क्रं. | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | राजस्व वन भूमि | | प्रस्तावित रकबा (हे.में) | वन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पुसौर | पुटकापुरी | 133/1 | 8.628 | 1.80 | छोटे/बड़े झाड़ का जंगल |
| योग | | | 01 | 8.628 | 1.80 | |

अतः अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के प्रतिवेदन अनुसार प्रश्नाधीन भू–खण्ड छोटे/बड़े झाड़ के जंगल मद की भूमि को गैरवानिकीय प्रयोजन/व्यपवर्तन कर उपयोग में लाने हेतु वरिष्ठ कार्यालय में आवेदन देने हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है।

उपरोक्तानुसार अनापत्ति भेजने का तात्पर्य यह कदापि नहीं माना जायेगा कि उपर्युक्त भूमि आवेदक कंपनी को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया जा चुका है।

कलेक्टर
रायगढ़ (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 1336A / भू.अ.लि / 2016 रायगढ़ दिनांक 29/ 09 /2016

प्रतिलिपिः–

1– वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2– छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित संभाग रायगढ़ को सूचनार्थ ।

कलेक्टर
रायगढ़ (छ.ग.)